भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2399
(10 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान योजना

2399. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार गुजरात में , विशेषकर कच्छ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के भुज , अबडासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार जिलों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की उप -योजना के रूप में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) योजना कार्यान्वित कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ग्रामीण निर्धन युवाओं को कौशल और उद्यमिता विकास प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या हाशिए पर पड़े वर्गों विशेषकर अनुसूचित जाति , अन्य पिछड़ा वर्ग और जनजातीय युवाओं के कल्याण को ध्यान में रखते हुए सामाजिक समावेश के सिद्धांतों का पर्याप्त रूप से पालन किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क) से (ग): जी हां। सरकार गुजरात के कच्छ जिले सहित पूरे देश में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की उप -योजना के रूप में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) योजना को लागू कर रही है। आरएसईटीआई कच्छ /कच्छ (भुज) में कच्छ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के भुज , अब्दासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार शामिल हैं। आरएसईटीआई ग्रामीण गरीब युवाओं को निःशुल्क कौशल और उद्यमिता विकास प्रशिक्षण प्रदान करता है। कच्छ लोकसभा क्षेत्र के भुज , अब्दासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार में

आरएसईटीआई के तहत 2014-15 से 2024-25 तक (अक्टूबर 2024 की स्थिति के अनुसार) प्रशिक्षित और नियोजित अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासी युवाओं का विवरण निम्नानुसार है:

श्रेणी/वर्ग	अनुसूचित जाति		अन्य पिछड़ा वर्ग		अनुसूचित जनजाति	
वित्तीय वर्ष	प्रशिक्षित	नियोजित	प्रशिक्षित	नियोजित	प्रशिक्षित	नियोजित
2014-15	350	183	79	79	44	9
2015-16	209	97	271	46	38	12
2016-17	353	217	130	225*	13	66*
2017-18	196	416*	121	214*	6	27*
2018-19	292	199	109	76	0	1*
2019-20	231	83	182	38	4	0
2020-21	145	157*	126	85	1	2*
2021-22	264	175	129	125	0	3*
2022-23	326	190	248	107	1	1
2023-24	340	208	185	164	2	0
2024-25 (अक्टूबर 2024 की स्थिति के अनुसार)	245	94	210	62	0	0

* इन आंकड़ों में पिछले वर्ष के अभ्यर्थी भी शामिल हैं। इसलिए नियोजित आंकड़े प्रशिक्षित आंकड़ों से अधिक है।

*****